अर्धवार्षिक परीक्षा, 2018-19

हिन्दी

अवधि - 3 घंटे **कक्षा - आठवीं** **पूर्णांक - 80**

दिनांक - 27.9.2018 (गुरूवार)

विद्यार्थी का नाम .... वर्ग ....

निर्देश -
- **निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।**
- **प्रश्न-पत्र में चार खंड हैं - अ, ब, स और द।**
- **यथासंभव प्रत्येक खंड के उत्तर क्रमशः लिखें ।**
- **स्पष्टता एवं स्वच्छता का ध्यान रखें ।**

खण्ड - अ (अपठित बोध - 15 अंक)

प्र.1 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए -

हमारी संस्था का मूल ही 'सत्य का आग्रह' है। इस सत्य की आराधना के लिए ही हमारा अस्तित्व, इसी के लिए हमारी प्रत्येक प्रवृत्ति और इसी के लिए हमारा प्रत्येक श्वासोच्छ्वास होना चाहिए। ऐसा करना सीख जाने पर दूसरे सब नियम सहज में अपनाए जा सकते हैं। उनका पालन भी सरल हो सकता है। सत्य के बिना किसी भी नियम का शुद्ध पालन अशक्य है। साधारणतः सत्य का अर्थ सच बोलना मात्र ही समझा जाता है, लेकिन हमने विशाल अर्थ में 'सत्य' शब्द का प्रयोग किया है। विचार में, वाणी में और आचार में सत्य का होना ही सत्य है। इस सत्य को संपूर्णतः समझने वाले के लिए जगत में और कुछ जानना बाकी नहीं रहता। यदि हम इस कसौटी का उपयोग करना सीख जाएँ, तो हमें यह जानने में देर न लगेगी कि कौन-सी प्रवृत्ति उचित है, कौन त्याज्य; क्या देखने योग्य है, क्या नहीं; क्या पढ़ने योग्य है, क्या नहीं।

क) हमारी संस्था का मूल आग्रह क्या है और क्यों ? (2)

ख) सत्य की कसौटी का उपयोग करने से क्या लाभ है ? (2)

ग) सत्य के पालन से क्या तात्पर्य है ? (2)

घ) 'प्रत्येक' शब्द में उपसर्ग और मूलशब्द पहचान कर लिखें। (1)

ड.) गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक क्या हो सकता है ? (1)

प्र.2 निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए -

कहती है सारी दुनिया जिसे किस्मत
नाम है उसका हकीकत में मेहनत।
जो रचते हैं, खुद अपनी किस्मत, वे कहे जाते हैं साहसी
जो करते हैं, ईश्वर से शिकायत, वे कहे जाते हैं आलसी ।
जो रूक गया, मिट गया उसका नामों-निशाँ।
जो चलता रहा, अपनी मंज़िल वह पा गया ।
खुशी के हकदार है वही, जिन्होंने दुख को सहा
छोड़ के दामन फूलों का, काँटों की राह को चुना ।
निराशा का अंधकार मिटाकर, आशा के दीप जलाओ
छोड़ भाग्य की दुहाई, अपनी किस्मत स्वयं बनाओ।

क) किस्मत का वास्तविक अर्थ क्या है ? (1)

ख) अपनी किस्मत रचने वालों को कवि क्या कहता है ? (1)

ग) कवि किसका अंधकार मिटाना चाहता है ? (1)

घ) व्यक्ति की किस्मत किसे छोड़ने के बाद बनती है ? (2)

ड.) सच्ची खुशी किसे मिलनी चाहिए ? (2)

खण्ड - ब (व्याकरण - 16 अंक)

प्र.3 निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर लिखिए -

क) रेखांकित पदों का परिचय दीजिए - **(1×3=3)**

i) श्रेष्ठ बहुत बुद्धिमान है।

ii) राधा भली लड़की है।

iii) बच्चे फ़िल्म देखते हैं।

ख) निम्नलिखित पंक्तियों में प्रयुक्त अलंकारों के नाम बताइए - **(1×3=3)**

i) चरण-कमल बंदौं रघुराई ।

ii) जितने तुम तारे, उतने नहीं गगन में तारे।

iii) बाण नहीं पहुँचे शरीर तक
शत्रु गिरे पहले ही भू पर।

ग) निम्नलिखित समस्त पदों का विग्रह कर समास का नाम लिखिए - **(1×3=3)**

महाराजा, दिनोंदिन, पंचरत्न

घ) निम्नलिखित उपसर्गों से दो-दो शब्द बनाइए - **(1×2=2)**

अनु, पर

ड.) निम्नलिखित शब्दों में से प्रत्यय और मूलशब्द अलग कीजिए - **(1×2=2)**

खटास, चरित्रवान

प्र.4 निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर लिखिए -

क) उचित पर्यायवाची शब्दों का मिलान कीजिए - **(1)**

अ	ब
बंदर	बटोही
नाव	ज्योत्स्ना
चांदनी	शाखामृग
पथिक	तरिणी

ख) निम्नलिखित रिक्त स्थानों की पूर्ति उचित अनेकार्थक शब्दों से कीजिए - **(1)**

i) अर्जुन धनुर्विद्या में बहुत .... थे । (कुशल, प्रसन्न)

ii) आसमान में काली .... घिर आई है। (बादल, घटा, हथौड़ा)

ग) निम्नलिखित शब्दों से वाक्य इस प्रकार बनाइए कि उनके अर्थ स्पष्ट हो जाएँ - **(1)**

आतंक - भय

खण्ड - स (पठितबोध - 34 अंक)

प्र.5 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर लिखिए-

पत्रों को तो आप सहेजकर रख लेते हैं पर एसएमएस संदेशों को आप जल्दी ही भूल जाते हैं। कितने संदेशों को आप सहेजकर रख सकते हैं ? तमाम महान हस्तियों की तो सबसे बड़ी यादगार या धरोहर उनके द्वारा लिखे गए पत्र ही हैं। भारत में इस श्रेणी में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को सबसे आगे रखा जा सकता है। दुनिया के तमाम संग्रहालय जानी मानी हस्तियों के पत्रों का अनूठा संकलन भी हैं। तमाम पत्र देश, काल और समाज को जानने-समझने का असली पैमाना है।

क) पत्रों की ऐसी कौन-सी विशेषता है जो उन्हें एसएमएस से बेहतर बनाती है ? **(2)**

ख) महान हस्तियों के पत्र धरोहर हैं, कैसे ? **(2)**

ग) 'एसएमएस' से आप क्या समझते हैं ? **(1)**

प्र.6 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए - **(2×5=10)**

क) दोषों का पर्दाफ़ाश करना कब बुरा रूप ले सकता है ?

ख) पिन कोड भी संख्याओं में लिखा गया एक पता है, कैसे ?

ग) ''गज़ब हो गया । ऐसी बस अपने आप चलती है।'' लेखक को यह सुनकर हैरानी क्यों हुई ?

घ) मशीनी युग से बदलू के जीवन में क्या बदलाव आया ?

ड.) नैतिक मूल्यों के आधार पर बताइए कि भौतिक वस्तुओं का संग्रह करना उचित है या अनुचित ?

प्र.7 निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए -

हम दीवानों की क्या हस्ती,
हैं आज यहाँ, कल वहाँ चले,
मस्ती का आलम साथ चला,
हम धूल उड़ाते जहाँ चले ।

आए बनकर उल्लास अभी,
आँसू बनकर बह चले अभी,
सब कहते ही रह गए, अरे,
तुम कैसे आए, कहाँ चले ?

क) कवि और कविता का नाम लिखिए । **(2)**

ख) पद्यांश में दीवानों की क्या विशेषता बताई गई है ? **(2)**

ग) लोगों ने दीवानों से क्या पूछा ? **(1)**

प्र.8 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए - **(2×5=10)**

क) पक्षी और बादल की चिट्ठियों में पेड़-पौधे, पानी और पहाड़ क्या पढ़ पाते हैं ?

ख) कवि पुष्पों की तंद्रा और आलस्य दूर हटाने के लिए क्या करना चाहता है ?

ग) दीवाने अपने हृदय पर असफलता का भार क्यों लेकर चले ?

घ) बसंत को ऋतुराज क्यों कहा जाता है ?

ड.) 'एक देश की धरती दूसरे देश को सुगंध भेजती है।' कथन का भाव स्पष्ट कीजिए ।

प्र.9 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए - (कोई दो) **(2×2=4)**

क) अहमदनगर किले से जुड़ी कौन-सी घटना आज भी याद की जाती है ?

ख) लेखक के अनुसार भारत माता कौन है ?

ग) उपनिषदों की सबसे प्रमुख विशेषता क्या है ?

खण्ड - द (लेखन - 15 अंक)

प्र.10 फैशन में समय और धन का अपव्यय करने वाली छोटी बहन को एक प्रेरणादायक पत्र लिखिए। **(5)**

अथवा

बाढ़ग्रस्त लोगों की सहायता के लिए विद्‍यालय के छात्रों से धन एवं कपड़े एकत्रित करने की अनुमति के लिए विद्‍यालय के प्राचार्य को पत्र लिखिए।

प्र.11 निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर निबंध लिखिए - **(10)**

क) मेरे जीवन का लक्ष्य

- भूमिका
- लक्ष्य और प्रयत्न
- कार्य प्रणाली
- दृढ़-इच्छाशक्ति
- उपसंहार

ख) कंप्यूटर : आज की ज़रूरत

- भूमिका
- आधुनिक युग विज्ञान का युग
- कंप्यूटर का बढ़ता प्रकोप
- विभिन्न क्षेत्रों में कंप्यूटर की भूमिका
- उपसंहार

ग) मेरा भारत महान

- भूमिका
- अनेकता में एकता
- विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र
- अनेक महान व्यक्तियों की जन्मभूमि
- उपसंहार